# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## अक्तूबर भाग-1 2021




दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की राज्य सूची में शामिल है?

    1. औषधालय
    2. अस्पताल
    3. चिकित्सीय शिक्षा
    4. औषधि प्रशासन

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 3 और 4
    C. 1, 2 और 3
    D. 1, 2 और 4

2. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा SACRED पोर्टल का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

    A. यह कानूनी और चिकित्सा मुद्दों के बारे में वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी, मार्गदर्शन और भावनात्मक समर्थन प्रदान करने के लिये भारत की पहली टोल-फ्री हेल्पलाइन प्रदान करता है।
    B. यह विश्वसनीय स्टार्ट-अप द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल उत्पादों और सेवाओं की "वन-स्टॉप एक्सेस" होगी।
    C. यह 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को सब्सिडी और कुछ मामलों में मुफ्त तीर्थयात्रा संबंधी सुविधाएँ प्रदान करने हेतु पंजीकृत करता है।
    D. पोर्टल के माध्यम से, 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं और रोज़गार और काम के अवसर पा सकते हैं।

3. 'डिजी सक्षम कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसे केंद्रीय श्रम मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया है।
    2. यह वंचित समुदायों से संबंधित अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के रोज़गार चाहने वालों को डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

4. 'ज़िला अस्पतालों के प्रदर्शन में सर्वोत्तम अभ्यास' रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का एक सहयोगी प्रयास है।
    2. प्रति लाख जनसंख्या (ज़िला अस्पतालों में) बिस्तरों की औसत संख्या भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (IPHS) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों से अधिक है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अवधारणा के पीछे का विचार वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला एक ट्रांस-नेशनल बिजली ग्रिड विकसित करना है।
2. इसे विश्व बैंक के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के तहत लाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. जनहित याचिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केवल सर्वोच्च न्यायालय में दायर किया जा सकता है।
2. इसकी अवधारणा अमेरिकी न्यायशास्त्र से लिया गया है।
3. इसका उपयोग मानव अधिकारों और समानता को आगे बढ़ाने के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मलेरिया पैदा करने वाले परजीवी पी विवैक्स के लिये क्लोरोक्वीन (CQ) सबसे अधिक दी जाने वाली दवा है।
2. भारत में क्लोरोक्वीन के लिये पी विवैक्स प्रतिरोध का कोई मामला नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे नागपुर के कॉन्ग्रेस अधिवेशन (दिसंबर, 1920) के दौरान अपनाया गया।
2. 'चौरी-चौरा कांड' के बाद इसे वापस ले लिया गया गया।
3. गांधी-इरविन संधि पर हस्ताक्षर।

उपर्युक्त घटनाओं में से कौन-सी सविनय अवज्ञा आंदोलन से संबंधित है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

नोट :

9. 'ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें काराकोरम, लद्दाख, ज़ास्कर और कैलाश पर्वत श्रृंखलाएँ शामिल हैं।
2. यह मुख्य रूप से 'नियोजीन' और 'पेलियोजीन' युग के ग्रेनाइट तथा ज्वालामुखीय चट्टानों से बना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्हों का आवंटन संसद के एक अधिनियम द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
2. चुनाव आयोग प्रतिद्वंद्वी समूहों या किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के वर्गों के बीच विवादों का फैसला करने का एकमात्र अधिकरण है, जो इसके नाम और चिह्न पर दावा करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. श्यामजी कृष्ण वर्मा निम्नलिखित में से किस संगठन से जुड़े थे?

1. इंडियन होम रूल सोसाइटी
2. इंडिया हाउस
3. इंडियन सोशियोलॉजिस्ट
4. आर्य समाज

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. ट्रस्टी, ट्रस्ट के माध्यम से लाभान्वित व्यक्तियों या संगठनों की ओर से संपत्ति धारित करता है।
2. भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 ट्रस्टों की अवधारणा को कानूनी आधार देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. कौन-सा कथन एस्ट्रो रोबोट का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. इसे चंद्र सतह पर पानी खोजने के लिये बनाया गया है।
B. इसे होम मॉनिटरिंग जैसे कई कार्यों में लोगों की मदद करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
C. इसे क्षुद्रग्रह बेन्नू की सतह का अध्ययन करने के लिये बनाया गया है।
D. इसे सौरमंडल के बाहर पृथ्वी जैसे ग्रहों का पता लगाने के लिये बनाया गया है।

**नोट :**

14. भारतीय मोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे शुष्क परिस्थितियों में वृद्धि एवं विकास के लिये जाने जाते हैं।
2. उन्हें IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सोमाटोसेंसेशन, वे प्रोटीन होते हैं जो सेंसर और प्रभावकारक दोनों के रूप में काम करते हैं।
2. मैकेनोसेंसिटिव' चैनल स्पर्श, तापमान, शरीर की स्थिति और दर्द की संवेदनाओं के लिये एक सामूहिक शब्द है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची दलबदल के आधार पर निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता के प्रावधानों को निर्धारित करती है।
2. दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित सदस्यों के लिये आगामी पाँच वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दिया जाता है।
3. किसी राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों में से कम-से-कम एक तिहाई सदस्यों द्वारा दलबदल को विलय माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

17. 'भारतीय नागरिकता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय नागरिकता प्राप्त करने विधियाँ भारतीय संविधान के अनुच्छेद-6 में निर्धारित की गई हैं।
2. सरकार द्वारा किसी भी भारतीय की नागरिकता समाप्त की जा सकती है, यदि वह लगातार 7 वर्षों से भारत से बाहर रह रहा हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

18. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. 'आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली' 'प्वाइंट ऑफ सेल' पर ऑनलाइन इंटरऑपरेबल वित्तीय लेन-देन की अनुमति देता है।
2. 'आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली' को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. 'वैदिक शासन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'विदथ' वैदिक काल के दौरान सैन्य मामलों पर बहस करने के लिये एक सभा थी।
2. महिलाओं और पुरुषों दोनों दो 'विदथ' सभा में भाग लेने की अनुमति थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित में से किस प्राचीन ग्रंथ में भारत में गणतंत्र की उपस्थिति का उल्लेख है?

1. अर्थशास्त्र
2. महानिब्बाना सुत्त
3. अवदान शतक
4. अष्टाध्यायी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

21. स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट इन इंडिया 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा जारी किया गया है।
2. निजी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों का अनुपात 2013-14 में 35% से घटकर 2018-19 में 21% हो गया।
3. त्रिपुरा में भारत में सबसे कम महिला शिक्षक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

22. 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स-2021' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया के सभी पासपोर्टों को उन गंतव्यों की संख्या के अनुसार रैंक करता है, जहाँ उनके धारक बिना पूर्व वीज़ा के यात्रा कर सकते हैं।
2. जापान लगातार तीन वर्षों से रैंकिंग में पहले स्थान पर रहा है।
3. वर्ष 2019 के बाद से सूचकांक में भारत की स्थिति में लगातार गिरावट का रुझान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से 'RTS,S/AS01 वैक्सीन' के संबंध में सही है/हैं:

1. यह एक इंजेक्शन योग्य टीका है जो अफ्रीका में सबसे अधिक प्रचलित मलेरिया स्ट्रेन को लक्षित करता है।
2. यह हेपेटाइटिस बी वायरस से लीवर के संक्रमण से बचाने में मदद करता है।
3. यह बच्चों में मलेरिया के गंभीर मामलों को रोकने में अत्यधिक प्रभावी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रसायन विज्ञान में 2021 का नोबेल पुरस्कार असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस के विकास के लिये दिया जाता है।
2. असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस पारंपरिक उत्प्रेरक जैसे एंजाइम या धातु के बजाय उत्प्रेरक के रूप में छोटे कार्बनिक अणुओं का उपयोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 ने भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत वन, वन्यजीवों तथा पक्षियों के संरक्षण को संघ सूची में स्थानांतरित कर दिया।
2. वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा भारत के नागरिकों का मौलिक कर्तव्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

26. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त अभ्यास भारत-यूके के बीच आयोजित किया जाता है?

1. अजेय वारियर
2. पैसेज
3. कोंकण
4. गरुड़ शक्ति

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

27. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. इथेनॉल किण्वन प्रक्रिया का उपयोग करके मकई और गन्ने से प्राप्त होता है।
2. 'बायोडीज़ल' वनस्पति तेलों और पशु वसा से एक ट्रांसएस्टरीफिकेशन प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज़ रिपोर्ट-2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) द्वारा जारी किया जाता है।
2. पिछले दो दशकों में भारत का औसत स्थलीय जल संग्रहण (TWS) नुकसान वैश्विक औसत से अधिक है।
3. भारत के उत्तरपूर्वी भाग ने देश के भीतर सबसे अधिक TWS हानि का अनुभव किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ताइवान का एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन ज़ोन (ADIZ) एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र है जो ताइवान को किसी भी शत्रुतापूर्ण विमान के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति देता है।
2. एक चीन नीति को अमेरिका ने मान्यता नहीं दी है।
3. ताइवान जलडमरूमध्य केवल चीन और ताइवान से घिरा हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1

नोट :

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत हाई एम्बिशन कोएलिशन फॉर नेचर एंड पीपल (HAC) का संस्थापक सदस्य है।
2. HAC सदस्यता केवल एशियाई देशों तक ही सीमित है।
3. HAC का उद्देश्य परमाणु प्रसार को रोकना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. 1, 2 और 3
D. इनमे से कोई भी नहीं

31. गुडूची (गिलोय) में निम्नलिखित में से कौन-से गुण हैं?

1. हेपाटोप्रोटेक्टिव
2. श्वसन संबंधी बिमारियों की रोकथाम
3. न्यूरोप्रोटेक्टिव
4. दिल को रोधगलन से बचाता है

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1. 2, 3 और 4

32. 'सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी विशेष देश के ऋण में निवेश से जुड़े राजनीतिक जोखिमों का आकलन करता है।
2. सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने से बाहरी ऋण बाजारों में बॉण्ड जारी करने में आसानी होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

33. 'पाक बे' योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'ब्लू रेवोल्यूशन स्कीम' के हिस्से के रूप में वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया था।
2. यह तमिलनाडु-विशिष्ट केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

34. निम्नलिखित में कौन-सी रिपोर्ट वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी की जाती है/हैं?

1. मानव पूंजी सूचकांक
2. वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट
3. ग्लोबल रिस्क्स रिपोर्ट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत में विनिवेश का उद्देश्य है/हैं?

1. राजकोषीय बोझ को कम करना
2. निजी स्वामित्व को प्रोत्साहित करना
3. बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धा को बनाए रखना और बढ़ावा देना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

36. 'लूखा नदी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मेघालय के पूर्वी जयंतिया पहाड़ियों के दक्षिणी भाग में स्थित है।
2. यह नदी लूनार नदी (वाह लूनार) से जल प्राप्त करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. 'त्रैमासिक रोज़गार सर्वेक्षण' (QES) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय' के तहत 'श्रम ब्यूरो' द्वारा जारी किया जाता है।
2. इसमें संगठित क्षेत्रों में 10 या अधिक श्रमिकों को रोज़गार देने वाले प्रतिष्ठान शामिल हैं।
3. यह सर्वेक्षण केवल विनिर्माण एवं निर्माण क्षेत्रों के लिये आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**नोट :**

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार' को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पहली बार प्रस्तुत किया गया था।
2. स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार 1972 के स्टॉकहोम घोषणा में निहित है।
3. भारतीय संविधान पर्यावरण संरक्षण को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने वाला दुनिया का पहला संविधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल A
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

39. बहुआयामी गरीबी सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विश्व बैंक और ILO द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया जाता है।
2. यह अपने संकेतकों के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर का उपयोग करता है।
3. एक व्यक्ति बहुआयामी रूप से गरीब की श्रेणी में आता है यदि वह एक तिहाई या अधिक भारित संकेतकों से वंचित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

40. 'मिशन लूसी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की संयुक्त परियोजना है।
2. मिशन लगभग 6.3 बिलियन किमी. की दूरी तय कर आठ क्षुद्रग्रहों का परिभ्रमण करेगा।
3. ट्रोजन क्षुद्रग्रह, अन्य क्षुद्रग्रहों के विपरीत, किसी ग्रह की कक्षा साझा नहीं करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

41. भारतीय परिदृश्य में 'हीटवेव' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. भारत के पूर्वी और पश्चिमी तट अब तक 'हीटवेव' से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं।
B. 'हीटवेव' पारंपरिक रूप से मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में पाई जाती हैं।
C. 'भारत मौसम विज्ञान विभाग' 'हीटवेव' को क्षेत्रों और उनके तापमान के अनुसार वर्गीकृत करता है।
D. पहाड़ी क्षेत्र में जब वास्तविक अधिकतम तापमान कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है, तो इसे 'हीटवेव' माना जाता है।

नोट :

42. इकोलॉजिकल थ्रेट रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. रिपोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा प्रकाशित की गई है।
2. यह किसी देश के सामने आने वाले खतरे के समग्र स्तर का निर्माण करने के लिए पाँच संकेतकों की सापेक्ष गंभीरता का उपयोग करता है।
3. रिपोर्ट सर्कुलर आर्थिक प्रणालियों की सिफारिश करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

43. हाल ही में कुछ शोधकर्त्ताओं ने महाराष्ट्र के काटोल से प्राप्त एक उल्कापिंड का अध्ययन किया जो वर्ष 2012 की उल्का बौछार से संबंधित था। इस उल्कापिंड का अध्ययन महत्त्वपूर्ण है क्योंकि:
1. यह पृथ्वी के विकास के बारे में बताता है।
2. यह पृथ्वी की परतों के निर्माण को समझने में मदद करता है।
3. यह पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में फास्फोरस के महत्त्व की व्याख्या करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये::

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. टैक्स हैवन अपतटीय देश हैं जिसमें विदेशी नागरिकों एवं व्यवसायों को बहुत कम या कोई कर नहीं देना पड़ता है।
2. टैक्स हैवन को व्यक्तियों और व्यवसायों के लिये उनकी कर नीतियों का लाभ लेने हेतु निवास या व्यावसायिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है।
3. वित्तीय खाता सूचना के स्वचालित विनिमय के लिये मानक का उद्देश्य अपतटीय निवेश रिपोर्टिंग के प्रवर्तन को बढ़ाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

45. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | नोबेल पुरस्कार 2021 | प्राप्तकर्त्ता |
|---|---|---|
| 1. | रसायन विज्ञान | अब्दुलराजाक गुरनाह |
| 2. | अर्थशास्त्र | डेविड कार्ड |
| 3. | साहित्य | बेंजामिन लिस्ट |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

46. 'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' (NGT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सांविधिक निकाय है।
2. इसमें गैर-न्यायिक सदस्य भी शामिल होते हैं।
3. 'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' के लिये आवेदनों या अपीलों के दाखिल होने के 6 महीने के भीतर अंतिम रूप से उनका निपटान करना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक इंटरमीडिएट ब्लैक होल दो ब्लैक होल के विलय से बनता है।
2. गुरुत्वाकर्षण तरंगें तब बनती हैं जब दो ब्लैक होल एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं और विलीन हो जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. GRAP वायु प्रदूषण को कम करने के लिये उठाए जाने वाले आपातकालीन उपायों का एक समूह है।
3. CAQM राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए विविध प्रयासों के समन्वय और निगरानी के लिए एक वैधानिक तंत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

49. भारतीय अंतरिक्ष संघ (ISpA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ISpA अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों पर एकल खिड़की और स्वतंत्र एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।
2. ISpA को भविष्य में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को निजी प्रतिस्पर्द्धियों से बचाने के लिये बनाया गया है।
3. ISPA इसरो की विपणन शाखा के रूप में भी काम करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

50. क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (QKD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. QKD क्रिप्टोग्राफिक प्रोटोकॉल के लिये आवश्यक गुप्त कुंजियों को वितरित और साझा करने का एक तरीका प्रदान करता है।
2. QKD में एन्क्रिप्शन कुंजी को ऑप्टिकल फाइबर में क्वांटम बिट्स के रूप में भेजा जाता है।
3. QKD में एन्क्रिप्शन अस्पष्ट होगा क्योंकि डेटा इलेक्ट्रॉनों द्वारा ले जाया जाता है और इसे पूरी तरह से कॉपी नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

51. सिलिकोसिस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मुख्य रूप से उत्खनन, निर्माण और भवन निर्माण उद्योगों में कार्यरत लोगों में होता है।
2. यह एक व्यावसायिक बीमारी या खतरा है।
3. यह खान अधिनियम, 1952 के तहत एक अधिसूचित बीमारी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

52. वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह देशों को मौसम संबंधी खतरों के खिलाफ उनकी तैयारियों के आधार पर रैंक करता है।
3. भारत लगातार दो वर्षों से सबसे अधिक प्रभावित 5 देशों में से एक है।
4. सूचकांक मौसम से संबंधित घटनाओं के प्रभाव की गणना घातक और आर्थिक नुकसान दोनों के संदर्भ में करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. केवल 4
D. 1, 2 और 3

53. 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. योजना का उद्देश्य रसद लागत को कम करने हेतु बुनियादी अवसंरचना परियोजनाओं के नियोजन और निष्पादन का समन्वय करना है।
2. इसका उद्देश्य औद्योगिक गलियारों को विकसित करना और सभी गाँवों में 4G कनेक्टिविटी का विस्तार करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरेक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मेज़र्स (CICA) का सचिवालय अल्माटी में स्थित है।
2. CICA एक अंतर-सरकारी मंच है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग को मज़बूत करना और एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति द्वारा की जाती है।
2. अध्यक्ष और सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारण करते हैं।
3. आयोग किसी मामले की जाँच उसके घटित होने के एक वर्ष बाद तक ही कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

---

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा:

- देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को नीति निर्माण इसकी संघीय संरचना और जिम्मेदारियों तथा वित्तपोषण के केंद्रीय-राज्य विभाजन द्वारा आकार दिया गया है।
- राज्य सूची: सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता, अस्पताल तथा औषधालय राज्य के विषय हैं, जिसका अर्थ है कि उनके प्रबंधन एवं सेवा वितरण की प्राथमिक ज़िम्मेदारी राज्यों के पास है।
- संघ सूची: केंद्र, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) और आयुष्मान भारत जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में भी निवेश करता है।
- समवर्ती सूची: केंद्र जीवन संबंधी आँकड़े (Vital Statistics), चिकित्सा शिक्षा और औषधि प्रशासन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो कि समवर्ती सूची के विषय हैं, साथ ही ये राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये योजना बनाने, नीति निर्माण व वित्तपोषण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**2.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 'सीनियर एबल सिटीज़न फॉर रि-एम्प्लॉयमेंट इन डिग्निटी' (SACRED) पोर्टल विकसित किया है।

- 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक इस पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं और रोज़गार तथा कार्य अवसर के लिये आवेदन कर सकते हैं।
- 'रोज़गार पोर्टल' न केवल रोज़गार चाहने वाले वरिष्ठ नागरिकों, बल्कि नियोक्ताओं, स्वयं सहायता समूहों (SHGs), कौशल प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों और अन्य एजेंसियों या व्यक्तियों को भी सेवा प्रदान करेगा।

- अन्य पहलें:
  - एल्डर लाइन': यह वरिष्ठ नागरिकों के लिये पहला अखिल भारतीय टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (14567) है।
  - सेज (सीनियरकेयर एजिंग ग्रोथ इंजन) पोर्टल: यह विश्वसनीय स्टार्टअप्स के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख में उपयोगी उत्पादों तथा सेवाओं को प्रदान करने वाला 'वन-स्टॉप एक्सेस' होगा। **अतः विकल्प D सही है।**

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय श्रम मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने संयुक्त रूप से युवाओं की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिये एक डिजिटल कौशल मंच 'डिजी सक्षम' (DigiSaksham) का शुभारंभ किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह संयुक्त पहल ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों का विस्तार है।
  - डिजी सक्षम पहल के माध्यम से पहले वर्ष में 3 लाख से अधिक युवाओं को बुनियादी कौशल के साथ-साथ उन्नत कंप्यूटिंग (Advanced Computing) सहित डिजिटल कौशल में मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
  - इस पहल में वंचित समुदायों से संबंधित अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के रोज़गार चाहने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, इनमें वे लोग भी शामिल होंगे जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण अपनी नौकरी गँवा दी है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - देश भर में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये मॉडल कॅरियर केंद्रों (MCC) और राष्ट्रीय कॅरियर सेवा केंद्रों (NCSC) में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।
- कार्यान्वयन: डिजी सक्षम को आगा खान रूरल सपोर्ट प्रोग्राम इंडिया (AKRSP-I) द्वारा क्षेत्र में लागू किया जाएगा।
  - AKJRSP-I एक गैर-सांप्रदायिक, गैर-सरकारी विकास संगठन है। यह स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष सहायता प्रदान कर ग्रामीण समुदायों की बेहतरी के लिये एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

**4.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में नीति आयोग ने 'ज़िला अस्पतालों के प्रदर्शन में सर्वोत्तम अभ्यास' शीर्षक से भारत में ज़िला अस्पतालों की एक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की है।
  - यह रिपोर्ट स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) भारत का एक सहयोगी प्रयास है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रिपोर्ट के अनुसार प्रति व्यक्ति बिस्तर की उपलब्धता: औसतन एक ज़िला अस्पताल में 1,00,000 लोगों के लिये 24 बिस्तर उपलब्ध थे।
  - मूल्यांकन के लिये यह निर्धारित किया गया था कि एक अस्पताल में इतने लोगों के लिये 22 बिस्तर होने चाहिये (IPHS 2012 दिशा-निर्देश)। **अतः कथन 2 सही है।**
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) प्रत्येक 1,000 लोगों पर अस्पताल में पाँच बिस्तर/बेड की सिफारिश करता है।

**5.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत और ब्रिटेन द्वारा आगामी 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़' (COP26) में 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' (OSOWOG) को लेकर एक संयुक्त घोषणा की जा सकती है।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन या COP26 का आयोजन 31 अक्तूबर से 12 नवंबर के बीच स्कॉटलैंड में होने वाला है।
- 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' की अवधारणा को ब्रिटेन ने 'ग्रीन ग्रिड' के रूप में प्रस्तुत किया है।
- इस अवधारणा का प्रमुख उद्देश्य दुनिया भर में सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला एक 'ट्रांस-नेशनल बिजली ग्रिड' विकसित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' की अवधारणा 'द सन नेवर सेट्स' यानी 'सूरज कभी अस्त नहीं होता' और यह किसी भी भौगोलिक स्थान पर, विश्व स्तर पर, किसी भी समय स्थिर रहता है, के विचार पर ज़ोर देती है।
  - यह अब तक किसी भी देश द्वारा शुरू की गई सबसे महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और आर्थिक लाभ साझा करने के मामले में इसका वैश्विक महत्त्व है।
  - इसे विश्व बैंक के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के तहत शुरू किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' योजना भारत द्वारा सह-स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का भी लाभ उठा सकती है, जिसमें वर्तमान में तकरीबन 80 देश शामिल हैं।
  - भारत को मध्य में रखते हुए सौर स्पेक्ट्रम को दो व्यापक क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है, जो हैं:
    - सुदूर पूर्व, जिसमें म्याँमार, वियतनाम, थाईलैंड, लाओ, कंबोडिया जैसे देश शामिल हैं।
    - सुदूर पश्चिम, जो कि मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्र को कवर करता है।

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जनहित याचिका (PIL) मानव अधिकारों और समानता को आगे बढ़ाने या व्यापक सार्वजनिक चिंता के मुद्दों को उठाने के लिये कानून का उपयोग है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - जनहित याचिका (Public Interest Litigation-PIL)' की अवधारणा अमेरिकी न्यायशास्त्र से ली गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय कानून में PIL का मतलब जनहित की सुरक्षा के लिये याचिका या मुकदमा दर्ज करना है। यह पीड़ित पक्ष द्वारा नहीं बल्कि स्वयं न्यायालय या किसी अन्य निजी पक्ष द्वारा विधिक अदालत में पेश किया गया मुकदमा है।
  - यह न्यायिक सक्रियता के माध्यम से अदालतों द्वारा जनता को दी गई शक्ति है।
- इसे केवल सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय में दायर किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मलेरिया एक मच्छर जनित रक्त रोग है जो प्लास्मोडियम परजीवी के कारण होता है। यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।
  - इस परजीवी का प्रसार संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छरों के काटने से होता है।
  - चार प्रकार के परजीवी प्लास्मोडियम विवैक्स, पी. ओवेल, पी. मलेरिया और पी.फाल्सीपेरम मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं।

- क्लोरोक्वीन (CQ) पी विवैक्स परजीवी के कारण होने वाले मलेरिया में सबसे अधिक दी जाने वाली दवा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सभी WHO में शामिल देश से क्लोरोक्वीन के लिये पी विवैक्स प्रतिरोध की सूचना प्राप्त हुई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत सहित 28 देशों में CQ प्रतिरोध के मामले देखे गए हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**8.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- वर्ष 1930 में गांधीजी ने घोषणा की कि वे नमक कानून को तोड़ने के लिये एक मार्च का नेतृत्व करेंगे।
  - उन्होंने साबरमती आश्रम से गुजरात के तटीय शहर दांडी तक मार्च किया, जहाँ उन्होंने समुद्र के किनारे पाए जाने वाले प्राकृतिक नमक को इकट्ठा करके और नमक पैदा करने के लिये समुद्र के पानी को उबालकर सरकारी कानून तोड़ा।
  - यह घटना सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत को चिह्नित करती है।
- वर्ष 1931 में गांधीजी ने एक संघर्ष विराम (गांधी-इरविन संधि) को स्वीकार कर लिया और सविनय अवज्ञा को समाप्त कर दिया तथा भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में लंदन में दूसरे 'गोलमेज सम्मेलन' में हिस्सा लेने के लिये सहमत हो गए।
  - लंदन से लौटने के बाद महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को फिर से शुरू कर दिया। एक वर्ष से अधिक समय तक यह आंदोलन जारी रहा, किंतु वर्ष 1934 तक इसने अपनी शक्ति खो दी।
- दिसंबर 1920 में नागपुर में कॉन्ग्रेस के अधिवेशन में असहयोग आंदोलन को अंगीकार किया गया।
  - फरवरी 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेने का फैसला किया। **अत: विकल्प C सही है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- ट्रांस-हिमालय पर्वत क्षेत्र या तिब्बत हिमालय क्षेत्र 'ग्रेट हिमालय' के उत्तर में स्थित है जिसमें काराकोरम, लद्दाख, ज़ास्कर और कैलाश पर्वत श्रृंखलाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे तिब्बत हिमालयी क्षेत्र भी कहा जाता है, क्योंकि इन पर्वतमालाओं का अधिकांश भाग तिब्बत में स्थित है।
- वे हिमालय की सबसे उत्तरी पर्वतमाला की पूर्व की ओर बढ़ती हैं।
- इसके केंद्र में लगभग 600 मील लंबा और 140 मील चौड़ा एक पर्वत क्षेत्र भी शामिल है, जो पूर्वी एवं पश्चिमी छोर पर 20 मील की चौड़ाई तक सिकुड़ा हुआ है।
- यह मुख्य रूप से 'नियोजीन' (Neogene) और 'पेलियोजीन' (Paleogene) युग के 'ग्रेनाइट' और ज्वालामुखीय चट्टानों से बना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**10.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों को मान्यता देने और चुनाव चिह्न आवंटित करने का अधिकार देता है।
- एक चुनावी/चुनाव चिन्ह किसी राजनीतिक दल को आवंटित एक मानकीकृत प्रतीक है।

नोट :

- 1960 के दशक में यह प्रस्तावित किया गया था कि चुनावी प्रतीकों का विनियमन, आरक्षण और आवंटन संसद के एक कानून यानी प्रतीक आदेश के माध्यम से किया जाना चाहिये।
  - इस प्रस्ताव के जवाब में निर्वाचन आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों की मान्यता की निगरानी चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के प्रावधानों द्वारा की जाती है और इसी के अनुसार चिह्नों का आवंटन भी होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आदेश के पैरा 15 के तहत चुनाव आयोग प्रतिद्वंद्वी समूहों या किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के वर्गों के बीच विवादों का फैसला कर सकता है और इसके नाम तथा चुनाव चिह्न पर दावा कर सकता है।
  - आदेश के तहत विवाद या विलय के मुद्दों का फैसला करने के लिये निर्वाचन आयोग एकमात्र प्राधिकरण है। सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने वर्ष 1971 में सादिक अली और एक अन्य बनाम ECI में इसकी वैधता को बरकरार रखा। **अतः कथन 2 सही है।**

**11.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म 4 अक्तूबर, 1857 को गुजरात के कच्छ ज़िले के मांडवी शहर में हुआ था।
- उन्होंने लंदन में इंडियन होम रूल सोसाइटी, इंडिया हाउस और द इंडियन सोशियोलॉजिस्ट की स्थापना की।
  - इंडियन होम रूल सोसाइटी और इंडिया हाउस ने ब्रिटेन में युवाओं को भारत में अपने ही प्रतिनिधियों के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों हेतु प्रेरित करने की दिशा में काम किया।
  - भारतीय होम रूल सोसाइटी के माध्यम से उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन की आलोचना की।
- वर्मा बॉम्बे आर्य समाज के पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने वीर सावरकर को प्रेरित किया जो लंदन में इंडिया हाउस के सदस्य थे। वर्मा ने भारत में कई राज्यों के दीवान के रूप में भी कार्य किया। **अतः विकल्प D सही है।**

**12.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

- 'ट्रस्ट' को एक प्रत्ययी व्यवस्था के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहाँ एक तृतीय पक्ष, जिसे ट्रस्टी के रूप में संदर्भित किया जाता है, ट्रस्ट के माध्यम से लाभान्वित व्यक्तियों या संगठनों की ओर से संपत्ति धारित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ट्रस्ट एक अलग कानूनी इकाई नहीं होती है, इसकी कानूनी प्रकृति 'ट्रस्टी' में निहित होती है। कभी-कभी, 'सेटलर' एक 'संरक्षक' की नियुक्ति करता है, जिसके पास ट्रस्टी की निगरानी करने की शक्ति होती है और वह ट्रस्टी को हटाकर एक नई नियुक्ति भी कर सकता है।
- भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 ट्रस्ट की अवधारणा को कानूनी आधार प्रदान करता है। भारतीय कानून, ट्रस्ट को 'लाभार्थियों' के लाभ हेतु संपत्ति का प्रबंधन और उपयोग करने के लिये ट्रस्टी के दायित्व के रूप में मान्यता देते हैं। भारत 'ऑफशोर' ट्रस्टों को भी मान्यता देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में अमेज़न ने अपने 'एस्ट्रो' होम रोबोट का अनावरण किया है, जिसे लोगों के घरों की निगरानी और परिवार के संपर्क में रहने जैसे कई कार्यों में मदद करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - यह एक "पेरिस्कोप" (Periscope) कैमरा के साथ संबद्ध होता है जो इसके शीर्ष पर पॉप अप होता है और इसका उपयोग घर पर नज़र रखने के लिये किया जा सकता है।
  - यह डिवाइस लाइव वीडियो कैप्चर करता है, चेहरों को पहचानता है, संगीत या वीडियो चलाता है और पूरे घर में बियर वितरित करता है।
  - यह लोगों के चेहरों को पहचान कर उनका विश्लेषण कर सकता है कि वह परिवार का सदस्य है या बाहरी व्यक्ति। **अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

14.

उत्तर: A

**व्याख्या**

- भारतीय मोर, मूलत: भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के कुछ हिस्सों में पाया जाता है।
  - यह प्रजाति वर्तमान में सबसे अधिक मध्य केरल में पाई जाती है, इसके बाद राज्य के दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम हिस्सों का स्थान है।
- चिंताएँ
  - ये केरल में धान की खेती करने वाले किसानों के लिये एक बड़ा खतरा हैं। ये धान के बीजों को नष्ट कर देते हैं और मानव-पशु संघर्ष का कारण बनते हैं।
    - कृषि विस्तार और वनों की कटाई ने जानवरों को 'मानव क्षेत्र पर आक्रमण' करने के लिये प्रेरित किया है।
  - मोर की बढ़ती आबादी जलवायु परिवर्तन का भी संकेत देती है। ये शुष्क पारिस्थितिकी में वृद्धि एवं विकास के लिये जाने जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- संरक्षण स्थिति
  - IUCN: कम चिंताजनक
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची- I **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: D

**व्याख्या**

- 'सोमाटोसेंसेशन' त्वचा और कुछ आंतरिक अंगों में तंत्रिका रिसेप्टर्स के माध्यम से पहचाने जाने वाले स्पर्श, तापमान, शरीर की स्थिति और दर्द की संवेदनाओं के लिये एक सामूहिक शब्द है।
  - इसमें 'मैकेनोरसेप्शन, थर्मोरिसेप्शन, प्रोप्रियोसेप्शन' जैसी प्रक्रियाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'मैकेनोसेंसिटिव' महत्त्वपूर्ण प्रोटीन हैं, जो सेंसर और प्रभावकारक दोनों के रूप में काम करने में सक्षम हैं।
  - झिल्लियों में एम्बेडेड 'मैकेनोसेंसिटिव' यांत्रिक उत्तेजनाओं जैसे- तनाव और वक्रता को विद्युत या जैव रासायनिक संकेतों में परिवर्तित करते हैं, जिससे अनुकूली प्रतिक्रिया की अनुमति मिलती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

16.

उत्तर: B

**व्याख्या**

- दल-बदल विरोधी कानून संसद/विधान सभा सदस्यों को एक पार्टी से दूसरी पार्टी में शामिल होने पर दंडित करता है।
- संसद ने इसे वर्ष 1985 में दसवीं अनुसूची के रूप में संविधान में जोड़ा। इसका उद्देश्य दल बदलने वाले विधायकों को हतोत्साहित कर सरकारों में स्थिरता लाना था।
  - दसवीं अनुसूची: जिसे दलबदल विरोधी अधिनियम के रूप में जाना जाता है, को 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था और यह किसी अन्य राजनीतिक दल में दलबदल के आधार पर निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता के लिये प्रावधान निर्धारित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि यह सांसद/विधायकों के एक समूह को दलबदल के लिये दंड के बिना किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने (अर्थात् विलय) की अनुमति देता है। इस प्रकार यह दलबदल करने वाले विधायकों को प्रोत्साहित करने या स्वीकार करने के लिये राजनीतिक दलों को दंडित नहीं करता है।
  - 1985 के अधिनियम के अनुसार, एक राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों के एक-तिहाई सदस्यों द्वारा 'दलबदल' को 'विलय' माना जाता था।

नोट :

- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार, दलबदल विरोधी कानून में एक राजनीतिक दल को किसी अन्य राजनीतिक दल में या उसके साथ विलय करने की अनुमति दी गई है, बशर्ते कि उसके कम-से-कम दो-तिहाई सदस्य विलय के पक्ष में हों। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

- इस प्रकार इस कानून के तहत एक बार अयोग्य सदस्य उसी सदन की किसी सीट पर किसी भी राजनीतिक दल से चुनाव लड़ सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - दलबदल के आधार पर अयोग्यता संबंधी प्रश्नों पर निर्णय के लिये मामले को सदन के सभापति या अध्यक्ष के पास भेजा जाता है, जो कि 'न्यायिक समीक्षा' के अधीन होता है।

**17.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

- नागरिकता को संविधान के तहत 'संघ सूची में सूचीबद्ध किया गया है और इस प्रकार यह संसद के अनन्य अधिकार क्षेत्र में है।
  - संविधान 'नागरिक' शब्द को परिभाषित नहीं करता है, लेकिन नागरिकता के लिये पात्र व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों का विवरण भाग 2 (अनुच्छेद 5 से 11) में दिया गया है।
- वर्ष 1955 का नागरिकता अधिनियम, नागरिकता प्राप्त करने के पाँच तरीकों का उल्लेख करता है, जिसमें जन्म, वंश, पंजीकरण, देशीयकरण और क्षेत्र का समावेश शामिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय संविधान का अनुच्छेद 6 ऐसे व्यक्तियों को नागरिकता का अधिकार प्रदान करता है जो पाकिस्तान से भारत में प्रवास करके आए हैं।
- भारत सरकार निम्नलिखित स्थितियों में किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता समाप्त कर सकती है;
  - यदि नागरिक संविधान का अपमान करता है।
  - यदि नागरिकता फर्जी तरीके से प्राप्त की गई हो।
  - नागरिक ने युद्ध के दौरान दुश्मन के साथ अवैध रूप से व्यापार या संचार किया है।
  - पंजीकरण या देशीयकरण के माध्यम से प्राप्त नागरिकता के पाँच वर्ष के दौरान नागरिक को किसी देश में दो वर्ष की कैद हुई हो।
  - नागरिक 7 वर्षों से लगातार भारत से बाहर रह रहा हो। **अत: कथन 2 सही है।**

**18.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- 'आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली' एक बैंक नेतृत्व वाला मॉडल है जो आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करके किसी भी बैंक के बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट (BC)/बैंक मित्र के माध्यम से POS (प्वाइंट ऑफ सेल/माइक्रो एटीएम) पर ऑनलाइन इंटरऑपरेबल वित्तीय लेन-देन की अनुमति देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह प्रणाली वित्तीय लेन-देन में एक और सुरक्षा व्यवस्था है क्योंकि इन लेन-देन को करते समय बैंक विवरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होती है।
- इस प्रणाली का परिचालन भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) की एक संयुक्त पहल भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

19.

उत्तर: C

**व्याख्या**

- प्राचीन भारत में लोकतंत्र और गणतंत्रवाद के आद्य रूपों के अस्तित्व का प्रमाण है। वेद गणतांत्रिक शासन व्यवस्था में दो प्रकार की शासन व्यवस्थाएँ विद्यमान थीं:
  - राजशाही: इसमें राजा निर्वाचित होता था। इसे लोकतंत्र का प्रारंभ माना जाता है।
  - गणतंत्र: इसमें राजा या सम्राट के बजाय शक्ति संकेंद्रण एक परिषद या सभा में निहित होती थी।
    - इस सभा की सदस्यता जन्म के बजाय कर्म सिद्धांत पर आधारित थी और इसमें ऐसे लोग शामिल होते थे जिन्होंने अपने कार्यों से खुद को प्रतिष्ठित किया था।
    - यहाँ तक कि विधायिकाओं की आधुनिक द्विसदनीय प्रणाली का भी एक संकेत प्राचीन संस्था सभा के रूप में प्रतिष्ठित थी जिसमें सामान्य लोगों का प्रतिनिधित्व होता था।
    - नीति, सैन्य मामलों और सभी को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बहस करने के लिये विदथ का उल्लेख ऋग्वेद में सौ से अधिक बार किया गया है। इन चर्चाओं में महिलाएँ और पुरुष दोनों हिस्सा लेते थे। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**

20.

उत्तर: D

**व्याख्या**

- महाभारत के शांति पर्व के अध्याय 107/108 में भारत में गणराज्यों (जिन्हें गण कहा जाता है) की विशेषताओं के बारे में विस्तृत वर्णन है।
- बौद्ध कैनन अर्थात् संस्कृत (जिसमें अधिकांश महायान बौद्ध साहित्य लिखा गया था) और पाली (जिसमें हीनयान साहित्य का अधिकांश भाग लिखा गया था) में भारत के प्राचीन गणराज्यों की व्यवस्था का व्यापक संदर्भ मिलता है, जैसे- वैशाली के लिच्छवी।
  - बौद्ध सिद्धांत वैशाली की मगध के साथ प्रतिद्वंद्विता का भी विस्तार से वर्णन करता है, जो एक राजतंत्र था। यदि लिच्छवियों की जीत होती तो उपमहाद्वीप में शासन की गति गैर-राजशाही व्यवस्था का और विकास होता।
- महानिब्बाना सुत्त (पाली बौद्ध कृति) और अवदान शतक (दूसरी शताब्दी ईस्वी का एक संस्कृत बौद्ध पाठ) में भी उल्लेख है कि कुछ क्षेत्र सरकार के गणतंत्रात्मक रूप के अधीन थे।
- गणतंत्रात्मक स्वरुप के अन्य स्रोत पाणिनि की अष्टाध्यायी, कौटिल्य का अर्थशास्त्र आदि हैं।
  - कौटिल्य द्वारा राज्य के तत्त्व: किसी भी राज्य को सात तत्त्वों से बना माना जाता है। पहले तीन स्वामी या राजा, अमात्य या मंत्री (प्रशासन) और जनपद या प्रजा हैं।
  - राजा को प्रजा की भलाई के लिये अमात्यों की सलाह पर कार्य करना चाहिये।
  - मंत्रियों को लोगों के बीच से नियुक्त किया जाता है (अर्थशास्त्र में प्रवेश परीक्षा का भी उल्लेख है)।
  - अर्थशास्त्र के अनुसार, प्रजा के सुख और लाभ में राजा का सुख और लाभ निहित है। **अतः विकल्प D सही है।**

21.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- विश्व शिक्षक दिवस (5 अक्तूबर) के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने 2021 स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट इन इंडिया : "नो टीचर, नो क्लास" लॉन्च की। **अतः कथन 1 सही है।**
- रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष:
  - शिक्षकों की कमी :
    - देश में लगभग 1.2 लाख एकल-शिक्षक विद्यालय हैं, जिनमें से 89% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

- रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को शिक्षकों की मौजूदा कमी को पूरा करने के लिये 11.16 लाख अतिरिक्त शिक्षकों की ज़रूरत है।

- राज्यों का प्रदर्शन (महिला शिक्षक):
  - त्रिपुरा में सबसे कम महिला शिक्षक हैं, इसके बाद असम, झारखंड और राजस्थान का स्थान है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - महिला शिक्षा के संदर्भ में क्रमश: गोवा, दिल्ली, केरल और चंडीगढ़ सबसे आगे हैं।
- निजी क्षेत्र में शिक्षकों की संख्या में वृद्धि:
  - निजी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों का अनुपात 2013-14 के 21% से बढ़कर 2018-19 में 35% हो गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार, छात्र-शिक्षक अनुपात (PTR) कक्षा 1-5 तक 30:1 और उच्च कक्षाओं में 35:1 होना चाहिये।

**22.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स' दुनिया के सभी पासपोर्टों की मूल रैंकिंग है, जो यह बताता है कि किसी एक विशेष देश का पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना पूर्व वीज़ा के यात्रा कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह इंडेक्स मूलत: डॉ. क्रिश्चियन एच. केलिन (हेनले एंड पार्टनर्स के अध्यक्ष) द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी रैंकिंग 'इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन' (IATA) के विशेष डेटा पर आधारित है, जो अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की जानकारी का दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सटीक डेटाबेस प्रदान करता है।
  - इसे वर्ष 2006 में लॉन्च किया गया था और इसमें 199 देशों के पासपोर्ट शामिल हैं।
- वैश्विक रैंकिंग: इस वर्ष की रैंकिंग में जापान और सिंगापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है तथा इन देशों के पासपोर्ट धारकों को 192 देशों में वीज़ा-मुक्त यात्रा करने की अनुमति है, जबकि दक्षिण कोरिया और जर्मनी दूसरे स्थान पर हैं।
  - यह लगातार तीसरी बार है जब जापान ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - वहीं इस रैंकिंग में अफगानिस्तान, इराक, सीरिया, पाकिस्तान और यमन सबसे कम शक्तिशाली पासपोर्ट वाले देश हैं।
- भारत का प्रदर्शन: भारत इस रैंकिंग में 90वें स्थान पर पहुँच गया है और भारत के पासपोर्ट धारकों को कुल 58 देशों में वीज़ा-मुक्त यात्रा करने की अनुमति है।
  - ज्ञात हो कि भारत ताजिकिस्तान और बुर्किना फासो के साथ रैंक साझा कर रहा है।
  - जनवरी 2021 के सूचकांक में भारत 85वें, 2020 में 84वें और 2019 में 82वें स्थान पर था। **अत: कथन 3 सही है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- RTS,S/AS01, व्यावसायिक नाम मॉसक्विरिक्स, अफ्रीका में सबसे प्रचलित मलेरिया स्ट्रेन पी. फाल्सीपेरम को लक्षित करने वाली एक वैक्सीन है। यह छोटे बच्चों को आंशिक सुरक्षा प्रदान करने वाला पहला और एकमात्र टीका है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे 1987 में ब्रिटिश दवा निर्माता ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन द्वारा विकसित किया गया था।
- मॉसक्विरिक्स में सक्रिय पदार्थ, प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम परजीवी (PFP) की सतह पर पाए जाने वाले प्रोटीन से बना होता है।
  - RTS,S का उद्देश्य मलेरिया मच्छर के काटने से मानव रक्तप्रवाह में इसके प्रवेश करने और यकृत कोशिकाओं को संक्रमित करने के पहले चरण से ही बचाव के लिये प्रतिरक्षा प्रणाली तैयार करना है।
- यह हेपेटाइटिस B वायरस से लीवर के संक्रमण से बचाने में भी मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बच्चों में मलेरिया के गंभीर मामलों को रोकने में टीके की प्रभावशीलता लगभग 30% है, लेकिन यह एकमात्र स्वीकृत टीका है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

- ◆ यूरोपीय संघ के औषधि नियामक ने वर्ष 2015 में यह कहते हुए इसे मंज़ूरी दी थी कि इसके जोखिमों की तुलना में लाभ कहीं अधिक हैं।
- इसके दुष्प्रभाव दुर्लभ हैं, लेकिन कभी-कभी इसमें बुखार भी शामिल होता है जिसके परिणामस्वरूप अस्थायी आक्षेप (Temporary Convulsions) हो सकता है।

**24.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रसायन विज्ञान में 2021 का नोबेल पुरस्कार बेंजामिन लिस्ट और डेविड मैकमिलन को असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस (Asymmetric Organocatalysis) के विकास के लिये दिया गया।
  - ◆ उन्होंने अणु निर्माण के लिये एक नया और सरल उपकरण ऑर्गेनोकैटलिसिस विकसित किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- शोधकर्त्ताओं के अनुसार, धातु और एंजाइम के रूप में केवल दो प्रकार के उत्प्रेरक उपलब्ध थे।
  - ◆ उत्प्रेरक बिना प्रक्रिया में प्रतिभाग किये इसकी दर को बढ़ाता है।
- वर्ष 2000 में उन्होंने एक-दूसरे से स्वतंत्र होकर तीसरे प्रकार के कटैलिसीस (Catalysis) का विकास किया। इसे असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस कहा जाता है और ये छोटे कार्बनिक अणुओं से बनते हैं।
  - ◆ असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस एक व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक है और विशेष रूप से दवा खोज प्रक्रिया के लिये महत्त्वपूर्ण है।
  - ◆ यह एंजाइमों या धातुओं जैसे पारंपरिक उत्प्रेरकों के बजाय उत्प्रेरक के रूप में छोटे कार्बनिक अणुओं का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जैविक रूप से सक्रिय अणु अक्सर चिरल होते हैं तथा ऑर्गेनोकैटलिस्ट दवा यौगिकों को जल्दी और कुशलता से बनाने का एक तरीका प्रदान करते हैं।

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2019 के अनुसार, वन और वृक्ष आवरण देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 24.56 प्रतिशत है।
  - ◆ वनावरण (क्षेत्रवार): मध्य प्रदेश> अरुणाचल प्रदेश> छत्तीसगढ़> ओडिशा> महाराष्ट्र।
  - ◆ भारत की राष्ट्रीय वन नीति, 1988 में देश के 33% भौगोलिक क्षेत्र को वन और वृक्ष आच्छादित क्षेत्र के अंतर्गत रखने के लक्ष्य की परिकल्पना की गई है।
- 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से शिक्षा, नापतौल एवं न्याय प्रशासन, वन, वन्यजीवों तथा पक्षियों के संरक्षण को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - ◆ संविधान के अनुच्छेद 51 A (g) में कहा गया है कि वनों एवं वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसमें सुधार करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ◆ राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत अनुच्छेद 48A के मुताबिक, राज्य पर्यावरण संरक्षण व उसको बढ़ावा देने का काम करेगा और देश भर में जंगलों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा की दिशा में कार्य करेगा।

**26.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास अजेय वारियर का छठा संस्करण उत्तराखंड के चौबटिया में शुरू हुआ।

नोट :

- अभ्यास यूनाइटेड किंगडम और भारत में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।
- यह अभ्यास मित्र देशों के साथ अंतर- संचालनीयता का विकास और विशेषज्ञता साझा करने की एक पहल का हिस्सा है।
- भारत और यूके ने बंगाल की खाड़ी में दो दिवसीय द्विपक्षीय पैसेज अभ्यास (PASSEX) में भाग लिया था।
- भारत और यूके के बीच अन्य संयुक्त अभ्यास:
  - नौसेना: कोंकण
  - वायु सेना: इन्द्रधनुष
- गरुड़ शक्ति भारत और इंडोनेशिया की सेनाओं के विशेष बलों के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास है। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत और इंडोनेशिया रक्षा सहयोग का एक हिस्सा है। **अत: विकल्प C सही है।**

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- इथेनॉल किण्वन प्रक्रिया का उपयोग करके मकई और गन्ने से प्राप्त होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - एक लीटर इथेनॉल में एक लीटर पेट्रोल द्वारा प्रदान की जाने वाली ऊर्जा का लगभग दो तिहाई हिस्सा मौजूद होता है।
  - पेट्रोल के साथ मिश्रित होने पर, यह दहन प्रदर्शन में सुधार करता है और कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करता है।
- बायोडीजल सोयाबीन तेल या ताड़ के तेल, वनस्पति अपशिष्ट तेल और पशु वसा जैसे वनस्पति तेलों से प्राप्त होता है, जिसे 'ट्रांसस्टरीफिकेशन' कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह डीजल की तुलना में बहुत कम या बिल्कुल भी हानिकारक गैसों का उत्पादन नहीं करता है।
  - इसे पारंपरिक डीजल ईंधन के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**28.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में 'विश्व मौसम विज्ञान संगठन' (WMO) ने 'स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज़ रिपोर्ट-2021' जारी की है। यह स्थलीय जल संग्रहण पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'स्थलीय जल संग्रहण' (TWS) का आशय भूमि की सतह और उप-सतह पर मौजूद जल से है, जिसमें सतही जल, मिट्टी की नमी, बर्फ और भूजल शामिल है।
- वैश्विक परिदृश्य: 'स्थलीय जल संग्रहण' में बीते 20 वर्षों (2002-2021) में प्रतिवर्ष 1 सेमी. की दर से गिरावट आ रही है।
  - सबसे अधिक नुकसान अंटार्कटिक और ग्रीनलैंड में हुआ है। लेकिन कई अत्यधिक आबादी वाले देशों में भी 'स्थलीय जल संग्रहण' में गिरावट दर्ज की गई है।
- भारतीय परिदृश्य: भारत में 'स्थलीय जल संग्रहण' में प्रतिवर्ष कम-से-कम 3 सेमी. की दर से गिरावट आ रही है। कुछ क्षेत्रों में गिरावट की दर प्रतिवर्ष 4 सेमी. से भी अधिक है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यदि अंटार्कटिक और ग्रीनलैंड में जल भंडारण के नुकसान को छोड़ दिया जाए, तो भारत ने स्थलीय जल भंडारण में सबसे अधिक नुकसान दर्ज किया है।
  - भारत 'स्थलीय जल संग्रहण नुकसान के मामले में सबसे बड़ा हॉटस्पॉट' है। भारत के उत्तरी हिस्से में देश के भीतर सबसे अधिक नुकसान हुआ है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

29.

उत्तर. B

**व्याख्या:**

- ADIZ की अवधारणा को किसी भी अंतरराष्ट्रीय संधि में परिभाषित नहीं किया गया है और यह किसी भी अंतरराष्ट्रीय निकाय द्वारा विनियमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में एक देश द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह एक स्व-घोषित क्षेत्र है जिसकी निगरानी देश की सेना द्वारा रक्षा उद्देश्यों के लिये की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- एक चीन नीति: नीति के तहत, अमेरिका ताइवान के द्वीप के बजाय चीन के साथ औपचारिक संबंध रखता है और उसके साथ औपचारिक संबंध रखता है, जिसे चीन एक दिन मुख्य भूमि के साथ फिर से जुड़ने के लिये एक अलग प्रांत के रूप में देखता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ताइवान जलडमरूमध्य केवल चीन और ताइवान के बीच है। **अत: कथन 3 सही है।**

30.

उत्तर. D

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत, 'हाई एम्बिशन कोएलिशन फॉर नेचर एंड पीपल' (HAC) में शामिल हुआ है। इसे वर्ष 2019 में कोस्टारिका, फ्राँस और ब्रिटेन द्वारा लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके 70 से अधिक देश हैं, जो यूरोपीय, लैटिन अमेरिकी, अफ्रीका और एशिया महाद्वीपों से संबंधित हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक दुनिया की कम-से-कम 30% भूमि और महासागर की रक्षा के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते की वकालत करना (वैश्विक 30×30 लक्ष्य) है। HAC का परमाणु प्रसार से कोई संबंध नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

31.

उत्तर: D

**व्याख्या**

- गिलोय (टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया) पेड़ों के सहारे बढ़ने वाली एक झाड़ी है।
  - यह आयुर्वेदिक चिकित्सा में एक आवश्यक जड़ी-बूटी है और इसके सभी भागों को स्वास्थ्य के लिये लाभकरी माना जाता है।
  - यह दक्षिण-पूर्व एशिया तथा भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में व्यापक रूप से पाया जाता है।
- गुण
  - हेपाटोप्रोटेक्टिव: गिलोय में हेपेटोप्रोटेक्शन या एंटी हेपेटोटॉक्सिसिटी गुण मौजूद हैं, जो लीवर को नुकसान से बचाता है।
  - कार्डियोप्रोटेक्टिव: गिलोय ग्लूकोरोनाइड और कोलेस्ट्रॉल को रोककर लिपिड चयापचय को नियंत्रित करता है और इसके एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ दिल को रोधगलन से भी बचाता है।
    - रोधगलन का आशय प्रभावित क्षेत्र में अपर्याप्त रक्त आपूर्ति के कारण ऊतक की मृत्यु से है।
  - न्यूरोप्रोटेक्टिव: यह मस्तिष्क के ऊतकों की एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम प्रणाली को नियंत्रित करता है और डोपामिनर्जिक न्यूरॉन्स को संरक्षित करता है।
  - श्वसन संबंधी बिमारियों की रोकथाम: गिलोय को पारंपरिक रूप से ब्रोंकाइटिस और खाँसी जैसी बीमारियों के इलाज के लिये पसंद किया जाता है। **अत: विकल्प D सही है।**

32.

उत्तर: C

**व्याख्या**

- 'सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग' किसी देश या सॉवरेन संस्था की साख का एक स्वतंत्र मूल्यांकन है।
  - यह निवेशकों को राजनीतिक जोखिम सहित किसी विशेष देश के ऋण में निवेश से जुड़े जोखिम के स्तर के संबंध में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की भूमिका विदेशी ऋण बाज़ारों में बॉण्ड जारी करने के अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को आकर्षित करने में महत्त्वपूर्ण है। **अतः कथन 2 सही है।**
- किसी देश के अनुरोध पर एक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इसके आर्थिक और राजनीतिक वातावरण का मूल्यांकन करके इसे रेटिंग प्रदान करती है।

मूडीज एक Baa3 या उच्चतर रेटिंग को निवेश ग्रेड का मानता है और Ba1 तथा उससे नीचे की रेटिंग को "जंक" ग्रेड माना जाता है।

  - S&P उन देशों को BBB या उच्च रेटिंग देता है जिन्हें वह निवेश ग्रेड मानता है, और BB+ या उससे कम के ग्रेड को "जंक" ग्रेड माना जाता है।

**33.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'पाक बे योजना' जिसे 'डायवर्सिफिकेशन ऑफ ट्राउल फिशिंग बोट्स फ्रॉम पाक स्ट्रेट्स इनटू डीप सी फिशिंग बोट्स' के नाम से भी जाना जाता है, वर्ष 2017 में 'केंद्र प्रायोजित योजना' के तौर पर लॉन्च की गई थी। इसे 'ब्लू रेवोल्यूशन स्कीम' के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह तमिलनाडु-विशिष्ट योजना है, जिसका उद्देश्य राज्य के मछुआरों को तीन वर्ष में 2,000 जहाज़ उपलब्ध कराना और उन्हें 'बॉटम ट्रालिंग' छोड़ने के लिये प्रेरित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - 'ब्लू रेवोल्यूशन स्कीम' किसानों की आय को दोगुना करने हेतु एक संबद्ध गतिविधि के रूप में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।
- इस योजना का एक अन्य उद्देश्य 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा' (IMBL) के आसपास 'मत्स्य पालन के दबाव को कम करना' है, ताकि तमिलनाडु के मछुआरे 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा' को पार करते हुए श्रीलंकाई जल में न चले जाएँ।

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो विकासशील देशों को उनकी आर्थिक उन्नति में सहायता हेतु वित्तपोषण, सलाह और अनुसंधान प्रदान करने के लिये समर्पित है।
- बैंक मुख्य रूप से एक ऐसे संगठन के रूप में कार्य करता है जो मध्यम और निम्न आय वाले देशों को विकासात्मक सहायता प्रदान करके गरीबी से लड़ने का प्रयास करता है।
- विश्व बैंक द्वारा जारी प्रमुख रिपोर्ट्स में मानव पूंजी सूचकांक तथा वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट शामिल हैं।
- ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की जाती है। **अतः विकल्प A सही है।**

**35.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सरकार द्वारा संपत्ति की बिक्री या परिसमापन, आमतौर पर केंद्रीय और राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, परियोजनाएँ या अन्य अचल संपत्ति को विनिवेश कहा जाता है।
- सरकार राजकोषीय बोझ को कम करने या अन्य नियमित स्रोतों से राजस्व की कमी को पूरा करने जैसे विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये धन जुटाने हेतु विनिवेश करती है।
- रणनीतिक विनिवेश एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई के स्वामित्व और नियंत्रण का किसी अन्य इकाई (ज़्यादातर निजी क्षेत्र की इकाई) को हस्तांतरण है।
  - साधारण विनिवेश के विपरीत रणनीतिक बिक्री का तात्पर्य एक प्रकार का निजीकरण है।

- वित्त मंत्रालय के तहत निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM), सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) में रणनीतिक हिस्सेदारी बिक्री के लिये नोडल विभाग है।
- भारत में विनिवेश के मुख्य उद्देश्य:
  - राजकोषीय बोझ को कम करना
  - सार्वजनिक वित्त में सुधार
  - निजी स्वामित्व को प्रोत्साहित करना
  - वित्तपोषण वृद्धि और विकास कार्यक्रम
  - बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धा को बनाए रखना और बढ़ावा देना **अतः विकल्प D सही है।**

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लूखा मेघालय के पूर्वी जयंतिया पहाड़ियों के दक्षिणी भाग में बहती है जहाँ मेघालय की अधिकांश रैट-होल कोयला खदानें स्थित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह कोयला और चूना पत्थर के निरंतर बड़े पैमाने पर खनन का शिकार बन गई है, जो कथित तौर पर प्रदूषण के लिये ज़िम्मेदार हैं, परिणामस्वरूप ये नदी को विचित्र शीतकालीन अवस्था में परिवर्तित कर देते हैं।

  यह लूनार नदी (वाह लूनार)/Lunar river (Wah Lunar) से नीचे की ओर प्रवाहित होने के दौरान नरपुह रिज़र्व फॉरेस्ट और इस क्षेत्र की लहरदार पहाड़ियों से निकलने वाली छोटी धाराओं से जल ग्रहण करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - नदी मुख्य रूप से मानसूनी वर्षा पर निर्भर रहती है और दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहते हुए गद्दम गाँव (Gaddum Village) के पास लूनार नदी में शामिल होने के पश्चात् एक दक्षिणी मार्ग का अनुसरण करती है।
  - यह नदी सोनपुर गाँव से होकर दक्षिणी असम की बराक घाटी में पहुँचती है और बांग्लादेश के बाढ़ के मैदानों में समाप्त होती है।

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

- 'श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय' के तहत 'श्रम ब्यूरो' ने वर्ष 2021 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के लिये 'त्रैमासिक रोज़गार सर्वेक्षण' (QES) के परिणाम जारी किये हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'त्रैमासिक रोज़गार सर्वेक्षण' (QES) 'ऑल-इंडिया क्वार्टरली एस्टाब्लिशमेंट-बेस्ड एम्प्लॉयमेंट सर्वे' (AQEES) का हिस्सा है।
  - इसमें कुल 9 क्षेत्रों के संगठित खंड में 10 या अधिक श्रमिकों को रोज़गार देने वाले प्रतिष्ठान शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये 9 क्षेत्र हैं- विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं रेस्तरां, आईटी/बीपीओ और वित्तीय सेवा गतिविधियाँ। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

- सामान्य तौर पर मानव अधिकारों की अवधारणा द्वितीय विश्वयुद्ध (1939-45) के बाद उभरी, लेकिन उन मानवाधिकारों में से स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार को किसी भी रूप में कभी भी प्राथमिकता नहीं दी गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार 1972 के स्टॉकहोम घोषणा में निहित है, जिसे लोकप्रिय रूप से मानव पर्यावरण का 'मैग्ना कार्टा' कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसमें पर्यावरण नीति के सिद्धांत और सिफारिशें शामिल थीं।

- इसके अलावा 42वें संविधान संशोधन (1976) के माध्यम से संविधान में दो महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद [अनुच्छेद 48A और 51A (g)] शामिल किये गए थे, जो कि भारतीय संविधान को पर्यावरण संरक्षण का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने वाला दुनिया का पहला संविधान बनाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
  - अनुच्छेद 48A: राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों और वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।
  - अनुच्छेद 51A (g): पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

**39.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- इसे 'ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनीशिएटिव' (OPHI) और 'संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम' (UNDP) द्वारा वर्ष 2010 में विकसित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- MPI इस विचार पर आधारित है कि गरीबी एक आयाम नहीं है (यह न केवल आय पर निर्भर करती है और एक व्यक्ति में शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी कई बुनियादी ज़रूरतों की कमी हो सकती है), बल्कि यह बहुआयामी है।
- यह सूचकांक वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक पर आधारित है, जो प्रत्येक वर्ष व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से गरीब लोगों के जीवन की जटिलताओं की माप करता है।
- MPI तीन आयामों और दस संकेतकों का उपयोग करता है जो इस प्रकार हैं:
  - शिक्षा: स्कूली शिक्षा और बाल नामांकन के वर्ष (प्रत्येक का 1/6 भार, कुल 2/6)
  - स्वास्थ्य: बाल मृत्यु दर और पोषण (प्रत्येक का 1/6 भार, कुल 2/6)
  - जीवन स्तर: बिजली, फर्श, पीने का पानी, स्वच्छता, खाना पकाने का ईंधन और संपत्ति (प्रत्येक का 1/18 भार, कुल 2/6)
  - अतः कथन 2 सही है।
- यह बताता है कि लोग तीन प्रमुख आयामों में किस प्रकार पीछे रह जाते हैं: स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर, जिसमें 10 संकेतक शामिल हैं। जो लोग इन भारित संकेतकों में से कम-से-कम एक-तिहाई (अर्थात् 33% या अधिक) में अभाव का अनुभव करते हैं, वे बहुआयामी रूप से गरीब की श्रेणी में आते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- MPI इसलिये महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह पारंपरिक पद्धति की तुलना में गरीबी को विभिन्न आयामों से पहचानता है जो केवल आय या मौद्रिक शर्तों से गरीबी को मापता है।

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) बृहस्पति ट्रोजन क्षुद्रग्रहों (नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का संयुक्त मिशन नहीं है) का पता लगाने के लिये पहला 'लूसी' (Lucy) मिशन लॉन्च करने के लिये तत्पर है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सौर ऊर्जा द्वारा संचालित इस मिशन में 12 वर्ष से अधिक समय लगने का अनुमान है, जिसके दौरान अंतरिक्षयान 'युवा सौर मंडल' (Young Solar System) के बारे में अधिक-से-अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये लगभग 6.3 बिलियन किमी. की दूरी तय कर आठ क्षुद्रग्रहों का परिभ्रमण करेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अलग-अलग क्षुद्रग्रहों की अलग-अलग तरह की कक्षाएँ हो सकती हैं। ट्रोजन्स ऐसे क्षुद्रग्रह हैं जो एक बड़े ग्रह के साथ कक्षा (Orbit) साझा करते हैं।
- नासा ने बृहस्पति, नेपच्यून और मार्स ग्रहों के ट्रोजन क्षुद्रग्रहों की जानकारी दी है। वर्ष 2011 में नासा ने पृथ्वी के ट्रोजन क्षुद्रग्रह की भी सूचना दी थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- 'हीटवेव' का आशय असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि से है, जब किसी क्षेत्र विशिष्ट का तापमान वहाँ के सामान्य तापमान से अधिक होता है।
  - 'भारत मौसम विज्ञान विभाग' (IMD) हीटवेव को क्षेत्रों और उनके तापमान रेंज के अनुसार वर्गीकृत करता है। **अत: कथन C सही है।**
- हाल ही में एक अध्ययन के दौरान भारत में 'हीटवेव' में स्थानिक परिवर्तन की स्थिति देखी गई है।
  - अध्ययन में कहा गया है कि पूर्वी एवं पश्चिमी तट, जो कि वर्तमान में हीटवेव से सुरक्षित हैं, भविष्य में गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। **अत: कथन A सही नहीं है।**
  - दक्षिणी मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में हीटवेव की घटनाएँ पाई गईं, जहाँ वे परंपरागत रूप से नहीं पाई जाती थीं। **अत: कथन B सही नहीं है।**
- 'हीटवेव' की स्थिति प्राय: तब उत्पन्न होती है जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है। **अत: कथन D सही नहीं है।**

**42.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंक इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) ने इकोलॉजिकल थ्रेट रिपोर्ट (ETR) 2021 : पारिस्थितिक खतरों, लचीलापन और शांति को समझना, जारी की। **अत: कथन 1 सही है।**
- ETR रिपोर्ट ETR स्कोर के आधार पर देशों को रैंक करती है जो कि पाँच खतरों का औसत है। यह किसी देश के सामने आने वाले खतरे के समग्र स्तर का निर्माण करने के लिए पाँच संकेतकों की सापेक्ष गंभीरता का उपयोग करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ETR में पाँच संकेतक जनसंख्या वृद्धि, जल तनाव, खाद्य असुरक्षा, सूखा, बाढ़, चक्रवात और बढ़ते तापमान पर सबसे हालिया वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल हैं।
  - उप-सहारा अफ्रीका में, स्कोर जनसंख्या वृद्धि के उच्च स्तर से प्रभावित होता है, जिससे मौजूदा खाद्य सुरक्षा की स्थिति पर दबाव बढ़ जाएगा और जल की कमी हो जाएगी।
- रिपोर्ट ने स्वास्थ्य, भोजन, पानी, शरणार्थी राहत, वित्त, कृषि एवं व्यवसाय विकास को उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में एक एकीकृत एजेंसी में संयोजित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिये एक नीति की सिफारिश की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**43.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में कुछ शोधकर्त्ताओं ने महाराष्ट्र के काटोल से प्राप्त एक उल्कापिंड का अध्ययन किया जो वर्ष 2012 की उल्का बौछार से संबंधित था।
  - उल्कापिंड अंतरिक्ष में परिभ्रमण कर रहे धूमकेतु या क्षुद्रग्रह के मलबे का एक ठोस टुकड़ा है, जो अंतरिक्ष से किसी ग्रह या चंद्रमा की सतह पर उनके वायुमंडल के माध्यम से प्रवेश करता है।
- निष्कर्ष:
  - ओलिवाइन (Olivine) की गहराई:
    - प्रारंभिक अध्ययनों से पता चला है कि यह उल्कापिंड मुख्य रूप से ओलिवाइन, एक जैतून-हरा रंग के खनिज से बना था।
    - पृथ्वी के ऊपरी मेंटल में ओलिवाइन पाए जाते हैं।

नोट :

- ब्रिजमेनाइट (Bridgmanite) का निर्माण:
  - विभिन्न कम्प्यूटेशनल और प्रायोगिक अध्ययनों से पता चला है कि पृथ्वी के आंतरिक हिस्से का लगभग 80% हिस्सा ब्रिजमेनाइट से बना है। इस उल्कापिंड के नमूने का अध्ययन करके वैज्ञानिक यह समझ सकते हैं कि हमारी पृथ्वी के निर्माण के अंतिम चरणों के दौरान ब्रिजमेनाइट कैसे क्रिस्टलीकृत हुआ।
  - ब्रिजमेनाइट एक मैग्नीशियम-सिलिकेट खनिज, $MgSiO_3$, पृथ्वी पर सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।
  - जैसा कि काटोल उल्कापिंड के नमूने का ब्रिजमेनाइट पृथ्वी पर मौजूद ब्रिजमेनाइट के साथ निकटता से संबंधित हैं।

- अध्ययन का महत्त्व :
  - उल्कापिंड का अध्ययन हमें इस बारे में और जानकारी दे सकता है कि हमारी पृथ्वी मैग्मा महासागर से चट्टानी ग्रह तक कैसे विकसित हुई और शोधकर्त्ता पृथ्वी के गठन के बारे में अधिक जानकारी का पता लगा सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - पृथ्वी की परतों का निर्माण कैसे और कब हुआ, इसका गहन विचार प्राप्त करने के लिये इन खनिजों का अध्ययन करना महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 2 सही है।
  - वैज्ञानिक यह भी डिकोड कर सकते हैं कि हमारी पृथ्वी के निर्माण के अंतिम चरणों के दौरान ब्रिजमेनाइट कैसे क्रिस्टलीकृत हुआ। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**44.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- टैक्स हैवन आमतौर पर एक अपतटीय देश होता है जहाँ राजनीतिक और आर्थिक रूप से स्थिर वातावरण में विदेशी नागरिकों एवं व्यवसायों को बहुत कम या कोई कर नहीं देना पड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - टैक्स हैवन देशों की विशेषताओं में आमतौर पर कम आय कर, सूचना की न्यूनतम रिपोर्टिंग, पारदर्शिता दायित्वों की कमी, प्रत्यक्ष उपस्थिति की आवश्यकता नहीं और टैक्स हैवन वाहनों का विपणन शामिल है।
  - सामान्य तौर पर टैक्स हैवन देशों के नागरिकों और व्यवसायों को उनकी कर नीतियों का लाभ लेने के लिये निवास या व्यावसायिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - व्यक्तियों और निगमों को संभावित रूप से विदेशों में आय पर लगाए गए कम या बिना करों से लाभ हो सकता है जहाँ कानून के अनुसार कमियाँ, क्रेडिट या अन्य विशेष कर विचारों की अनुमति दी जा सकती है।
- दुनिया भर में विदेशी/अपतटीय निवेश रिपोर्टिंग के प्रवर्तन को बढ़ाने के लिये कुछ कार्यक्रम हैं।
- जी20 देशों के साथ OECD द्वारा विकसित वित्तीय खाता की सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान के लिये मानक, पारस्परिक आधार पर कर उद्देश्यों के लिये वित्तीय खाता जानकारी के स्वचालित आदान-प्रदान पर अंतर्राष्ट्रीय सहमति का प्रतिनिधित्व करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रसायन विज्ञान में 2021 का नोबेल पुरस्कार बेंजामिन लिस्ट और डेविड मैकमिलन को असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस (Asymmetric Organocatalysis) के विकास के लिये दिया गया। **अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।**
- अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 2021 के नोबेल पुरस्कार का आधा हिस्सा कनाडा में जन्मे डेविड कार्ड (David Card) को दिया गया है और दूसरा आधा हिस्सा इज़रायल-अमेरिकी जोशुआ डी एंग्रिस्ट (Joshua D Angrist) तथा डच-अमेरिकी गुइडो डब्ल्यू इम्बेन्स (Guido W Imbens) को संयुक्त रूप से दिया गया है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- साहित्य में 2021 का नोबेल पुरस्कार उपन्यासकार अब्दुलराजाक गुरनाह को "उपनिवेशवाद के प्रभावों और संस्कृतियों एवं महाद्वीपों के बीच की खाई में शरणार्थी के भाग्य हेतु अडिग और करुणामय पैठ के लिये" प्रदान किया गया है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

नोट :

**46.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- 'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' (NGT) पर्यावरण संरक्षण और वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी और शीघ्र निपटान के लिये 'राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम' (2010) के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ट्रिब्यूनल में एक अध्यक्ष होता है, जो कि प्रधान पीठ में बैठता है और इसमें कम-से-कम दस न्यायिक सदस्य (बीस से अधिक नहीं) होते हैं और कम-से-कम दस विशेषज्ञ सदस्य (बीस से अधिक नहीं) होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' को आवेदनों या अपीलों के दाखिल होने के 6 महीने के भीतर अंतिम रूप से उनका निपटान करना अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

**47.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ब्लैक होल विलय दो या दो से अधिक ब्लैक होल के विलय की घटना है।
- दो या दो से अधिक ब्लैक होल के विलय से विभिन्न प्रकार के ब्लैक होल बनते हैं। उदाहरण के लिये इंटरमीडिएट-मास ब्लैक होल और बाइनरी ब्लैक होल। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इंटरमीडिएट-मास ब्लैक होल (IMBH) ब्लैक होल का एक वर्ग है जिसका द्रव्यमान 102-105 सौर द्रव्यमान अर्थात् तारकीय ब्लैक होल से काफी अधिक लेकिन सुपरमैसिव ब्लैक होल से कम होता है।
- गुरुत्वाकर्षण तरंगें (GW) तब बनती हैं जब दो ब्लैक होल एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं और विलीन हो जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इंटरमीडिएट-मास वाले ब्लैक होल के निर्माण के सिद्धांतों में से एक का संबंध 'पदानुक्रमित वृद्धि' से है।
  - यदि ब्लैक होल तारों के घने समूह के बीच मौजूद हैं, तो विलय के अवशेष (ब्लैक होल) एक बाइनरी बनाने के लिये पास के दूसरे ब्लैक होल के साथ जुड़ सकते हैं। यह अंतत: अधिक विशाल दूसरे तारे के अवशेष के साथ विलीन हो सकता है। यह प्रक्रिया श्रेणीबद्ध तरीके से होती है, जो इंटरमीडिएट-मास ब्लैक होल के गठन की व्याख्या कर सकती है।

**48.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में अधिसूचित किया गया था।
  - यह वायु प्रदूषण को कम करने के लिए उठाए जाने वाले आपातकालीन उपायों का एक समूह है।
  - राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता के संबंध में एमसी मेहता बनाम भारत संघ (2016) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, विभिन्न वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के तहत कार्यान्वयन के लिये एक ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इन्हें मुख्य  श्रेणियों में अर्थात् औसत से खराब, बहुत खराब और गंभीर  श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इसमें "गंभीर + या आपातकाल" की एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।
- वर्ष 2020 तक सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA) राज्यों को GRAP उपायों को लागू करने का आदेश देता था।
  - EPCA को भंग कर वर्ष 2020 में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा इसे प्रतिस्थापित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - CAQM अंतर्निहित उपचारात्मक दृष्टिकोण के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु विविध प्रयासों के समन्वय और निगरानी के लिये एक वैधानिक तंत्र है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

49.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- भारतीय अंतरिक्ष संघ (ISpA) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों पर एकल खिड़की और स्वतंत्र एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- ISpA को भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को एकीकृत करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। ISpA का प्रतिनिधित्व प्रमुख घरेलू और वैश्विक निगमों द्वारा किया जाएगा जिनके पास अंतरिक्ष तथा उपग्रह प्रौद्योगिकियों में उन्नत क्षमताएँ हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2019 के बजट में सरकार ने एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) की स्थापना की घोषणा की थी, जो ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) की विपणन शाखा के रूप में काम करेगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

50.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (QKD) जिसे क्वांटम क्रिप्टोग्राफी भी कहा जाता है, सुरक्षित संचार विकसित करने का एक तंत्र है। यह गुप्त कुंजियों (Secret Keys) को वितरित और साझा करने का एक तरीका प्रदान करता है जो क्रिप्टोग्राफिक प्रोटोकॉल के लिये आवश्यक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- QKD में एन्क्रिप्शन कुंजियों को ऑप्टिकल फाइबर में 'क्यूबिट्स ' या क्वांटम बिट्स के रूप में भेजा जाता है। ऑप्टिकल फाइबर अन्य माध्यमों की तुलना में लंबी दूरी के लिये और तेज़ी से अधिक डेटा संचारित करने में सक्षम है। यह पूर्ण आंतरिक परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- QKD को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यदि कोई अवैध इकाई ट्रांसमिशन को पढ़ने की कोशिश करती है, तो यह फोटॉन पर एन्कोडेड क्यूबिट्स को अस्पष्ट कर देगी। इससे ट्रांसमिशन त्रुटियाँ उत्पन्न होंगी, जिससे वैध अंतिम-उपयोगकर्त्ताओं को तुरंत सूचित किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

51.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- सिलिकोसिस (Silicosis) आमतौर पर उत्खनन, निर्माण और भवन निर्माण उद्योगों में काम करने वाले लोगों में होता है।
  - यह एक उन्नतशील फेफड़ों की बीमारी है जो लंबे समय तक सिलिका के छोटे-छोटे कणों के साँस के माध्यम से शरीर के भीतर प्रवेश करने से होती है, जिसके सामान्य लक्षणों में साँस लेने में परेशानी होना, खाँसी, बुखार और त्वचा का रंग नीला पड़ना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दुनिया में सबसे अधिक प्रचलित व्यावसायिक स्वास्थ्य बीमारियों या खतरों में से एक है।
  - औद्योगिक और गैर-औद्योगिक स्रोतों से उत्पन्न सिलिका धूल के जोखिम का प्रभाव गैर-व्यावसायिक क्षेत्रों की आबादी पर भी देखा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सिलिकोसिस को खान अधिनियम (Mines Act), 1952 और फैक्ट्री अधिनियम, 1948 के तहत अधिसूचित बीमारी के रूप में शामिल किया गया है।
  - इसके अलावा फैक्ट्री अधिनियम, 1948 के तहत हवादार कामकाजी वातावरण, धूल से सुरक्षा, भीड़भाड़ में कमी और बुनियादी व्यावसायिक स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान को अनिवार्य किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**52.**

**उत्तर: C**

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण थिंक टैंक 'जर्मनवॉच' ने वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 (Global Climate Risk Index 2021) जारी किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह इस सूचकांक का 16वाँ संस्करण है। यह प्रतिवर्ष प्रकाशित होता है।
    - इसमें वर्ष 2019 के उपलब्ध नवीनतम आँकड़ों और 2000-2019 के दशक के आँकड़ों का विश्लेषण किया गया है।
- सूचकांक इस बात का विश्लेषण करता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न मौसम संबंधित घटनाओं (तूफान, बाढ़, हीट वेव आदि) के प्रभावों से देश और क्षेत्र किस हद तक प्रभावित हुए हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - इसके अंतर्गत घातक मानवीय प्रभावों और प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान दोनों का विश्लेषण किया जाता है। **अत: कथन 4 सही है।**
- चरम मौसम की घटनाएँ सबसे गरीब देशों को अधिक प्रभावित करती हैं क्योंकि ये विशेष रूप से खतरे के हानिकारक प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं, इनकी प्रतिरोधी क्षमता कम होती है और इन्हें पुनर्निर्माण तथा पुनर्प्राप्ति के लिये अधिक समय की आवश्यकता हो सकती है।
    - जलवायु परिवर्तन से उच्च आय वाले देश भी प्रचंड रूप से प्रभावित हो रहे हैं।
- भारत ने पिछले वर्ष की तुलना में अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक-2021 में भारत 7वें स्थान पर है, जबकि वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक-2020 में भारत 5वें स्थान पर था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - भारतीय मानसून वर्ष 2019 में सामान्य अवधि से एक माह अधिक समय तक जारी रहा, इसके चलते अतिरिक्त बारिश के कारण काफी कठिनाई हुई।
        - इस दौरान बारिश सामान्य से 110 फीसदी तक हुई, जो वर्ष 1994 के बाद सबसे अधिक है।
    - भारत में कुल 8 उष्णकटिबंधीय चक्रवातआए, जिनमें से चक्रवात फानी (मई 2019) के कारण सबसे ज़्यादा नुकसान हुआ। **अत: विकल्प C सही है।**

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- हाल ही में भारत सरकार ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिये समन्वित और बुनियादी अवसंरचना परियोजनाओं के निष्पादन हेतु महत्त्वाकांक्षी गति शक्ति योजना या 'नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्लान' लॉन्च किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गति शक्ति योजना के तहत वर्ष 2019 में शुरू की गई 110 लाख करोड़ रुपए की 'राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन' को समाहित किया जाएगा।

इसका लक्ष्य 11 औद्योगिक गलियारे और दो नए रक्षा गलियारे (एक तमिलनाडु में और दूसरा उत्तर प्रदेश में) बनाना भी है। इसके तहत सभी गाँवों में 4G कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही गैस पाइपलाइन नेटवर्क में 17,000 किलोमीटर की क्षमता जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरेक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मेज़र्स (CICA) एक अंतर-सरकारी मंच है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग को मज़बूत करना और एशिया में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 47वें सत्र में 5 अक्तूबर, 1992 को कज़ाखस्तान गणराज्य के पहले राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव (Nursultan Nazarbayev) द्वारा CICA के आयोजन का विचार पहली बार प्रस्तावित किया गया था। पहला CICA शिखर सम्मेलन जून 2002 में आयोजित किया गया था।

नोट :

- CICA सचिवालय जून 2006 से अल्माटी (कज़ाखस्तान) में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CICA के सदस्यों में 27 एशियाई देश शामिल हैं, जिनमें अज़रबैजान, बहरीन, चीन, मिस्र, भारत, ईरान, इज़रायल, रूस, दक्षिण कोरिया और तुर्की, नौ पर्यवेक्षक राज्य व पाँच अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हैं।
- भारत 'परिवहन गलियारों के सुरक्षित और प्रभावी प्रणालियों के विकास' तथा 'ऊर्जा सुरक्षा' पर दो CICA CBM (विश्वास निर्माण उपाय) की सह-अध्यक्षता करता है।

**55.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

- 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं। एक व्यक्ति जो भारत का मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो, वह अध्यक्ष होता है।
- इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति, जिसमें प्रधानमंत्री सहित लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा का उप-सभापति, संसद के दोनों सदनों के मुख्य विपक्षी नेता तथा केंद्रीय गृहमंत्री शामिल होते हैं, की सिफारिशों के आधार पर की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष या वे 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक पद धारण करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - राष्ट्रपति कुछ परिस्थितियों में अध्यक्ष या किसी सदस्य को पद से हटा सकता है।
- भूमिका और कार्य:
    - आयोग के पास दीवानी अदालत की सभी शक्तियाँ हैं और इसकी कार्यवाही एक न्यायिक विशेषता है।
    - यह मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों की जाँच के उद्देश्य से केंद्र सरकार या राज्य सरकार के किसी अधिकारी या जाँच एजेंसी की सेवाओं का उपयोग करने के लिये अधिकृत है।
    - यह किसी मामले को उसके घटित होने के एक वर्ष के भीतर देख सकता है, अर्थात् आयोग को मानवाधिकारों का उल्लंघन किये जाने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के बाद किसी भी मामले की जाँच करने का अधिकार नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - आयोग के कार्य मुख्यतः सिफारिशी प्रकृति के हैं।
        - इसके पास मानवाधिकारों के उल्लंघन करने वालों को दंडित करने की शक्ति नहीं है और न ही पीड़ित को आर्थिक सहायता सहित कोई राहत देने की शक्ति है।
    - सशस्त्र बलों के सदस्यों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन के संबंध में इसकी भूमिका, शक्तियाँ और अधिकार क्षेत्र सीमित हैं।
    - जब निजी पार्टियों के माध्यम से मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है तो उसे कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।